**बिहार सरकार**
**नगर विकास एवं आवास विभाग**
**अधिसूचना**
**(शुद्धि पत्र)**

संख्या–11/न0वि0/गठन–01/2025 – 1172 /विभागीय अधिसूचना संख्या 1274 दिनांक 14.05.2022 द्वारा बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (बिहार अधिनियम, 11, 2007) (यथासंशोधित) की धारा 3 (1) (क), 4, 5, 6 एवं 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार के राज्यपाल उक्त अधिनियम के प्रयोजनार्थ नगर पंचायत, मनेर को नगर परिषद, मनेर में उत्क्रमित किया गया।

2. उक्त अधिसूचना द्वारा अधिसूचित नगर परिषद, मनेर का उत्तरी चौहद्दी (थाना नं0 सहित) हल्दी छपरा–06 दर्शायी गई है, जबकि संलग्न नक्शा के अनुसार उत्तरी चौहद्दी सोन सुरक्षा बांध है।

3. इस क्रम में जिला पदाधिकारी, पटना के पत्रांक 2062 दिनांक 11.04.2025 द्वारा नगर पंचायत, मनेर का नगर परिषद, मनेर में उत्क्रमित होने संबंधी विभागीय अधिसूचना संख्या 1274 दिनांक 14.05.2022 में दर्शाये गये चौहद्दी के अनुरूप नक्शा को संशोधित करने की अनुशंसा की गई।

4. अतः जिला पदाधिकारी, पटना की अनुशंसा के आलोक में नगर परिषद, मनेर के उत्तरी चौहद्दी (थाना नं0 सहित) हल्दी छपरा–06 के अनुरूप नक्शा को संशोधित किया जाता है।

5. उक्त प्रस्ताव में विधि विभाग की परामर्श/सहमति प्राप्त है।

6. पूर्व में निर्गत अधिसूचना को इस हद तक संशोधित पढ़ा एवं समझा जाय।

7. यह अधिसूचना तुरंत प्रवृत्त होगी।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से,**

Raj 28.4.2025
**(राजेश्वर राज)**
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–11/न0वि0/गठन–01/2025 1172/न0वि0एवंआ0वि0, पटना, दिनांक–28.04.2025

प्रतिलिपिः–अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को, बिहार गजट के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि वे प्रकाशित गजट की 200 प्रतियाँ नगर विकास एवं आवास विभाग को उपलब्ध कराई जाय।

Raj 28.4.2025

**सरकार के अवर सचिव।**

ज्ञापांक–11/न0वि0/गठन–01/2025 1172/न0वि0एवंआ0वि0, पटना, दिनांक–28.04.2025

प्रतिलिपिः–माननीय मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/नगर आयुक्त, सभी नगर निगम/कार्यपालक पदाधिकारी, सभी नगर परिषद् एवं नगर पंचायत/महालेखाकार, बिहार, पटना/स्थानीय लेखा परीक्षक, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, पटना/सचिव के आप्त सचिव, नगर विकास एव आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Raj 28.4.2025

**सरकार के अवर सचिव।**

ज्ञापांक–11/न0वि0/गठन–01/2025 1172/न0वि0एवंआ0वि0, पटना, दिनांक–28.04.2025

प्रतिलिपिः–सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, सोन भवन, पटना/निदेशक, जनगणना निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Raj 28.4.2025

**सरकार के अवर सचिव।**